**No: Coord-14/38/2018-COORD Sec**
**Government of India**
**Ministry of Development of North Eastern Region**
*****

Vigyan Bhawan Annexe,
Maulana Azad Road,
New Delhi-110011.
Dated 28th November , 2023

# OFFICE MEMORANDUM

**Subject: Monthly summary of principal activities undertaken and important decisions taken during the month of October, 2023 in respect of Ministry of Development of North Eastern Region.**

The undersigned is directed to refer to Cabinet Secretariat's D.O. letter No.1/26/2018-Cab. dated 30th May, 2018 from Shri Rajesh Bhushan, Additional Secretary, Cabinet Secretariat on the subject mentioned above.

2. The monthly summary pertaining to the Ministry of Development of North Eastern Region for the month of October, 2023 (both in Hindi & English) is hereby circulated for information.

28/11/2023
(Jaya Shah)
Under Secretary to the Govt. of India
Tel. 23022025

**Encl. As above.**

To
All Members of the Council of Ministers.

**Copy with enclosure also forwarded to:**

i. The Secretary to the Hon'ble President, Rashtrapati Bhawan, New Delhi.
ii. The Secretary to the Hon'ble Vice President, No.5 Maulana Azad Road, New Delhi.
iii. PPS to The Vice Chairman, NITI Aayog, NITI Bhawan, New Delhi.
iv. Secretary(Coord.), Cabinet Secretariat, Rashtrapati Bhawan, New Delhi
v. The Secretaries to the Government of India.

**Copy to:**

i. Additional Secretary and Financial Adviser(SL)/ Sr. Economic Adviser(DK)/Joint Secretary(HS)/ Joint Secretary (BP)/Joint Secretary(AC)/ Joint Secretary(AD)/ Statistical Adviser(SG), Ministry of DoNER.
ii. Director (UK)/Director(PV)/ Director(AB)/Deputy Secretary(SDM)/Deputy Secretary(VKB)/Deputy Secretary(NS)/ Deputy Secretary(SS)/Deputy Secretary(AM)/ Joint Director(PT) /Joint Director(BBP), Ministry of DoNER
iii. Director, NIC, Ministry of DoNER for uploading on the website of the Ministry.
iv. PPS to Secretary, DoNER.

Government of India
Ministry of Development of North Eastern Region
***

**Monthly summary of principal activities of and important decisions taken in the Ministry of Development of North Eastern Region during the month of October, 2023.**

## 1. Important policy decisions taken and major activities during the month

1.1 On 04.10.2023, North Eastern Handicrafts and Handloom Development Corporation Ltd. (NEHHDC), a CPSE under Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) signed a MoU with Department of Heritage & Tourism, Government of Haryana for bilateral, cross-cultural exchange & promotion of handicrafts, handlooms, textiles, crafts, culture and cuisine of the state of Haryana and North East India.

Secretary, MDoNER and Shri M.D. Sinha, Principal Secretary, Government of Haryana and Senior Officers of MDoNER and Government of Haryana were present on the occasion.

1.2 On 12.10.2023, Hon'ble Minister of State (MoS), MDoNER), Shri B. L. Verma launched MDoNER "Data Analytics Dashboard" and "Poorvottar Sampark Setu" portal, virtually . The event was attended by Secretary, MDoNER, Senior Officers of MDoNER and its Organizations, Chief Secretaries and Planning Advisers of North Eastern States, Senior Officers of NICSI & NIC and Senior Officers of various Central Ministries/Departments.

MDoNER Data Analytics Dashboard" has the data of 112 schemes across 55 Departments and Ministries. It will help in data driven decision making; ease of operations; centralized monitoring; policy level decision tool; and information integration. It will keep a close watch on NER Aspirational districts, North East border districts and the most backward districts in NER.

The "Poorvottar Sampark Setu" portal, is a powerful tool designed to streamline and enhance monitoring of Fortnightly visits of Union Ministers to NER.

Speaking on the occasion, Hon'ble MoS, MDoNER expressed his appreciation for development of these tools and said that the effect of visits of PM and other Union Ministers visit is visible in the progress of North East Region. He hoped that MDoNER will continue its endeavor of using new and innovative technologies for the benefit of each and every person in the North East Region.

1.3 Followed by launch of MDoNER Dashboard on 12.10.2023, in a meeting jointly chaired by Shri G. Kishan Reddy, Hon'ble Minister, MDoNER and Shri Kiren Rijiju, Hon'ble Minister, Ministry of Earth Sciences, expenditure made under mandatory

allocation of 10% GBS was reviewed with all the 54 Non-Exempted Central Ministries/Departments. Secretary and other Senior Officers of MDoNER and Senior Officers of concerned Central Ministries/Departments participated in the meeting.

1.4 MDoNER and its Organizations participated in Special Campaign 3.0 launched by Department of Administrative Reforms and Public Grievances, focusing on institutionalizing office cleanliness and reducing pendency in Government operations. The campaign began on 2nd October, 2023 and lasted up to 31st October, 2023. During the campaign, special attention was given to digitization of physical parliament question files, disposal of Scrap/and redundant Items, removing and minimizing pendency.

The main achievements of Special Campaign 3.0 were: - 203 e-files were closed and 206 physical files were weeded out, 4 references from Members of Parliament, 1 Parliament Assurance, 2 State Government references, 3 Prime Minister Office reference and 1 IMC reference was disposed, 06 official sites and many local sites were cleaned in October, 2023. Revenue of Rs. 15,99,859 was generated by disposal of scrap by MDoNER and its organizations.

1.5 On 01.10.2023, MDoNER and all its Organisations did Shramdann for Swachhata in and around their respective offices, Schools, Hospitals, Police posts, nearby streams etc. under the 'Ek Tareekh, Ek Ghanta' campaign with a spirit of Janbhagidari. 640 individuals participated in 7 events and cleaned more than 2000 sq. metre area. Senior Officers of MDoNER and its Organisations, Doctors, Teachers and Village heads, Senior District Officers etc. were among the key participants which motivated hundreds of staff and individuals to participate in the events with full zeal and adopt cleanliness a way of life.

1.6 Funds amounting to Rs 57 crore were released to the NE States under various Schemes implemented by MDoNER/NEC.

***

**भारत सरकार**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय**

अक्टूबर, 2023 के दौरान उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में प्रमुख गतिविधियों और लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सारांश।

**1. माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख गतिविधियां**

1.1 दिनांक 04.10.2023 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के तहत एक सीपीएसई, उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनईएचएचडीसी) ने हरियाणा राज्य और पूर्वोत्तर भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा, वस्त्र, शिल्प, संस्कृति और व्यंजनों के द्विपक्षीय, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवर्धन के लिए हरियाणा सरकार के विरासत और पर्यटन विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव श्री एम. डी. सिन्हा तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

1.2 दिनांक 12.10.2023 को माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के "डेटा एनालिटिक्स डैशबोर्ड" और "पूर्वोत्तर संपर्क सेतु" पोर्टल को वर्चुअली लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और इसके संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य सचिवों और योजना सलाहकारों, एनआईसीएसआई तथा एनआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के डेटा एनालिटिक्स डैशबोर्ड में 55 विभागों और मंत्रालयों की 112 स्कीमों का डेटा है। यह डेटा आधारित निर्णय लेने; संचालन में आसानी; केंद्रीकृत निगरानी; नीति स्तर निर्णय प्रणाली; और सूचना एकीकरण में मदद करेगा। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र के आकांक्षी जिलों, पूर्वोत्तर के सीमावर्ती जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे पिछड़े जिलों पर बारीकी से दृष्टि रखेगा।

"पूर्वोत्तर संपर्क सेतु" पोर्टल, एक शक्तिशाली प्रणाली है जिसे केंद्रीय मंत्रियों की पूर्वोत्तर क्षेत्र की पाक्षिक यात्राओं को कारगर बनाने और उनकी निगरानी का संवर्धन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस अवसर पर उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री ने इन प्रणालियों के विकास की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों की यात्राओं का प्रभाव पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति में दिखाई दे रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के लाभ के लिए नई और अभिनव प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने का प्रयास जारी रखेगा।

1.3 दिनांक 12.10.2023 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के डैशबोर्ड के शुभारंभ के बाद आयोजित एक बैठक में सभी 54 गैर-छूट प्राप्त केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के साथ 10% जीबीएस के अनिवार्य आवंटन के तहत किए गए व्यय की समीक्षा की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री जी. किशन रेड्डी, माननीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और श्री किरेन रिजीजू, माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने संयुक्त रूप से की। बैठक में सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

1.4 उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और इसके संगठनों ने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान 3.0 में भाग लिया, जिसमें कार्यालय स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यों में लंबित मामलों को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ और 31 अक्टूबर, 2023 तक चला। अभियान के दौरान, संसद प्रश्न की भौतिक फाइलों के डिजिटलीकरण, स्क्रैप और उपयोगहीन सामग्री के निपटान, लंबित मामलों को हटाने और कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

विशेष अभियान 3.0 की मुख्य उपलब्धियां इस प्रकार थीः- अक्टूबर, 2023 में 203 ई-फाइलों को बंद किया गया और 206 भौतिक फाइलों को छांटकर हटाया गया, संसद सदस्यों के 4 संदर्भ, 1 संसद आश्वासन, राज्य सरकारों के 2 संदर्भ, 3 प्रधानमंत्री कार्यालय संदर्भ और 1 आईएमसी संदर्भ का निपटान किया गया, 06 कार्यालयी स्थलों और कई स्थानीय स्थलों को साफ किया गया। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और इसके संगठनों द्वारा स्क्रैप के निपटान से 15,99,859 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

1.5 दिनांक 01.10.2023 को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और इसके सभी संगठनों ने जनभागीदारी की भावना के साथ 'एक तारीख, एक घंटा' अभियान के तहत अपने-अपने कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों, पुलिस चौकियों, आस-पास की जलधाराओं आदि में और उसके समीप स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। 640 व्यक्तियों ने 7 कार्यक्रमों में भाग लिया और 2,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र को साफ किया। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और इसके संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी, डॉक्टर, शिक्षक और ग्राम प्रधान, वरिष्ठ जिला अधिकारी आदि इसमें प्रमुख प्रतिभागी थे, जिन्होंने सैकड़ों कर्मचारियों और व्यक्तियों को पूरे उत्साह के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लेने और स्वच्छता को जीवन-शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

1.6 पूर्वोत्तर राज्यों को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय/एनईसी द्वारा कार्यान्वित विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत 57 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

****